मोतियों का वर्गीकरण वर्तमान वाणिज्यिक मूल्य के अनुसार किया गया। ठीक वृत्ताकार के मोतियों को ''ए'' श्रेणी में, एक या दो दरार के मोतियों को ''बी'' श्रेणी में और बाकी को ''सी'' श्रेणी में वर्गीकृत किया।

परिणाम

जलराशिकी और पारिस्थितिक स्थितियाँ

काकिनाडा खाडी:

मात्स्यिकी पोताश्रय फिंगर जेटी के निकटस्थ समुद्र जल की लवणता जनवरी 1995 में 22%° थी। अप्रैल 1995 में यह 32%° हो गयी। जल का तापमान भी जनवरी 95 के 24°C से अप्रैल, 95 में 27°C तक बढ गया था। सिल्ट और अन्य जीवियों के कारण जल साफ नहीं था। खाडी में खाद्य शुक्तियों और हरित शंबुओं का अच्छा प्राकृतिक संस्तर देखा था जहाँ वर्तमान अध्ययन की मुक्ता शुक्तियों को डाला गया था।

सिमेन्ट टैंक (काकिनाडा)

काकिनाडा के सिरिस एक्वा लिमिटेड में निर्मित सिमेन्ट टैंक में जल की लवणता जनवरी 95 में 30%° देखी गयी। यह क्रमशः बढकर मई 95 में 34%° हो गयी। लेकिन जून 1995 से यह लवणता घटने लगी और सितंबर 95 तक आते आते लवणता घटकर 29%° हो गयी। जल का तापमान जनवरी 95 के 21°C से बढकर मई, 95 में 33°C हो गया और सितंबर 95 में यह घटकर 27°C हो गया। सिमेन्ट टैंक के चारों तरफ खुला हुआ था इसलिए सूर्य प्रकाश सीधे टैंक में पडता था। मुक्ता शुक्तियों के कवचों में और टैंक के आन्तरिक भित्तियों में फिलमेन्टस एलगा *लिम्बिया* बढने का यह कारण बन गया। शुक्तियों में कभी कभी एसीडियन्स और स्पंजें भी दिखाये पडते थे। भारी वर्षा के दिनों में टैंक के जल की लवणता 10 से 12 घंटों केलिए 15%° से 18%° के बीच होती है।

तट प्रयोगशाला (विशाखपट्टनम)

सितंबर, 95 के अंत में लवणता 25%° थी। लेकिन अक्तूबर, 95 के पहले हफ्ते के लगभग पाँच दिनों तक जल की लवणता घटकर 18%° तक आ गयी, फिर क्रमशः बढकर महीने के अंत में 25%° बन गयी। उत्तरपूर्व मानसून के दौरान लवणता में घटती विशाखपट्टनम तट में साधारण घटना है। नवंबर और दिसंबर 95 और जनवरी 96 में लवणता बढकर क्रमशः 28%° और 32%° तक आ गयी। जल का तापमान अक्तूबर में 26°C, नवंबर में 25°C, दिसंबर में 22°C और जनवरी और फरवरी 96 में क्रमशः 26°C और 27°C देखा गया।

समुद्र जल संभरण के समय ली गयी उचित कार्रवाई के कारण मुक्ता शुक्तियों में दूषणकारी जीवों का आक्रमण नहीं हुआ था। काले कपडे से प्लास्टिक पूल ओढने के कारण काकिनाडा के सिमेन्ट टैंक के समान फिलमेन्टस एलगे *लिंबिया* की उपस्थिति बिलकुल नहीं थी।

बढती

काकिनाडा खाडी

काकिनाडा खाडी में संभरण के समय छोटी मुक्ता शुक्तियों का आयाम 10 से 18 मि मी (डी वी ए) तक के रेंच में था। 19 दिनों के बाद ये औसत 27 मि मी तक बढ गयी और 36 दिनों में औसत 35 मि मी का आयाम प्राप्त किया। 77 दिनों के बाद 41-54 मि मी के आयाम रेंच में ये औसत 45-46 मि मी के आयाम के हो गये। ऐसी अवस्था में इनको सिमेन्ट टैंक में स्थानांतरित किया गया, जहाँ शुक्तियों ने 113 दिनों में 47-60 मि मी आयाम रेंच में 53.3 मि मी का औसत आयाम प्राप्त किया था। बढती का निरंतर मोनिटरिंग किया गया। 12 मि मी और 58 मि मी के बीच उच्च बढती 46 मि मी देखी गयी और सबसे निम्न बढती 15-47 मि मी के बीच 30 मि मी थी।

सिमेन्ट टैंक

सिमेन्ट टैंक में संभरण करते वक्त मुक्ता शुक्तियों का औसत आयाम 10 से 19 मि मी आयाम रेंच में 15 मि मी था। 58 दिनों के बाद 31-44 मि मी आयाम रेंच में शुक्तियों ने 37.7 मि मी आयाम और 113 दिनों में 39-55 मि मी आयाम रेंच में 55 मि मी आयाम प्राप्त किये थे। उच्च बढती 113 दिनों में 39 मि मी थी और निम्न बढती 18 से 39 मि मी के रेंच में 21 मि मी देखी गयी।

काकिनाडा खाडी और सिमेन्ट टैंक की मुक्ता शुक्तियों को एक साथ चिंगट हैचरी में पालन किया और जून, 95 में रोपण के समय 50 मि मी का औसत आयाम प्राप्त करते हुए देखा।

भोजन

काकिनाडा खाडी की मुक्ता शुक्तियों को खाद्य खाडी में ही उपलब्ध था। सिमेन्ट टैंक के निस्यंदित समुद्र जल में पर्याप्त एलगल खाद्य उपलब्ध था। टैंक में विभिन्न स्तरों में एलगल कोश सघनता बनाये रखने केलिए विभिन्न मात्रा में *कैटोसिरोस* दिये थे। प्रारंभ में 21-1-95 से 26-2-95 तक एलगल कोश सघनता प्रति मि लि 10,000 थी और शुक्तियों का औसत आयाम 15 मि मी था। शुक्तियों का औसत आयाम 32 मि मी बनने पर 21-2-95 से 12-3-95 तक एलगल कोश सघनता प्रति मि लि 20,000 बन गया था। इस प्रकार आयाम की बढती के अनुसार एलगल कोश सघनता भी बढ गयी थी और 20-3-95 से 39 मि मी के औसत आयाम प्राप्त करने पर एलगल कोश सघनता प्रति मि लि 70,000 से 75,000 तक स्थिर देखी गयी थी। 26-2-95 से एलगल संवर्धन में 80% *कैटोसिरोस* और 20% *आइसोक्राइसिस* देखा गया। रोपण के बाद भी कोश सघनता और एलगे मिश्रण उपर्युक्त स्तर के अनुसार बनाये रखे थे।

टैंकों के मुक्ता शुक्ति संवर्धन में हरित शंबू

परीक्षण के प्रारंभ में एलगल कोशों को प्रति लिटर 10,000 की दर पर बनाये रखे थे। 140 मुक्ता शुक्तियाँ वाले सिमेन्ट टैंक की कुल क्षमता 12,000 लि थी। टैंक खुले रहने के कारण, चार दिनों के बाद एलगे उगने लगी और 40 मुक्ता शुक्तियों की मृत्यु हुई। टैंक में जल की अधिकता और एलगल कोश सघनता बनायी रखने की आवश्यकता मानकर करीब 120 मि मी लंबाई के 100 हरित शंबू *(पेरना विरिडिस)* टैंक के तल में मुक्ता शुक्तियों के साथ एक समान बिखरा दिया। टैंक में हरित शंबू डालने पर एलगे की बढती नहीं हुई और नियमित अंतराल में प्रति मि लि 75,000 कोश की दर पर एलगल सघनता बढ़ने पर मुक्ता शुक्तियों की नश्वरता भी बहुत कम हो गयी। सितंबर 95 के आखिरी हफ्ते में विशाखपट्टनम के तट प्रयोगशाला में परिवहित करने तक हरित शंबुओं को टैंक में रख दिया था।

शल्यक्रिया के बाद संवर्धन और फसल

जून, 95 के दूसरे हफ्ते में रोपण की शल्य क्रिया चलायी थी। शल्यक्रिया के एक घंटे बाद मुक्ता शुक्तियों को सिमेन्ट टैंक में डाल दिया। कुछ घंटों के बाद ये ठीक प्रकार खाने लगे और अगले दिन से लेकर टैंक के तल में लिपटे हुए दिखाये पडे थे। मृत्युता भी नहीं थी। इस अवसर पर 41 शुक्तियों ने न्यूक्लियस निकाला। रोपण के एक हफ्ते बाद न्यूक्लियस निकालना शुरू हुआ था और यह कार्य 2 महीने तक जारी रहा। बाद में 2 शुक्तियों की मृत्यु हुई। दिसंबर 95 के आखिरी हफ्ते में 16 शुक्तियों को मोतियों का निर्माण और गुणता देखने केलिए खोला था। फरवरी के पहले हफ्ते में मोती युक्त शुक्तियों को मोती रहित शुक्तियों से अलग करने केलिए एक्स-किरण चित्र लिया था। 80 रोपित शुक्तियों से विभिन्न श्रेणियों के कुल 37 मोती प्राप्त हुये थे। इस प्रकार 46% मोती का उत्पादन आकलित किया था। इनमें 'ए' श्रेणी के 48.6% 'बी' श्रेणी के 32.4% और 'सी' श्रेणी के 18.9% मोती थे।

प्राकृतिक मोती

सात शुक्तियों से 1 मि मी से 3 मि मी तक विविध आयाम के सात मोती प्राप्त हुये, जिनके कोई विशेष आकार नहीं था। इनको शुक्तियों के आन्त्रिक से प्राप्त हुआ था। इनमें अधिकांश मोती रजताभ श्वेत रंग के थे। मुक्ता शुक्तियों के 8.8% से प्राकृतिक मोती प्रप्त हुये थे।

रंग और आयाम

संवर्धन किये गये वृत्ताकार मोती क्रीम या स्वर्ण पीत रंग के थे। 'ए' श्रेणी के मोतियों का व्यास औसत 3.32 मि मी के साथ 3.37 मि मी और 3.78 मि मी के रेंच में था। 'बी' श्रेणी के मोतियों का व्यास 3.16-3.35 मि मी और औसत व्यास 3.25 मि मी था। 'सी' श्रेणी के मोतियों का व्यास 2.78-3.05 मि मी और औसत व्यास 2.87 मि मी था। 190 वाँ और 230 वाँ दिन को निकाले गये मोतियों के औसत व्यास में अधिक अन्तर नहीं था।

परिचर्चा

काकिनाडा खाडी में संवर्धित मुक्ता शुक्ति *पी. फ्यूकेटा* की बढती प्राकृतिक समुद्र जल की तुलना में काफी ऊँची थी। इसी प्रकार सिमेन्ट टैंक में पादपप्लवक खाद्य से संवर्धित शुक्तियों की बढती भी ऊँची थी। 58 और 77 दिनों के बीच प्रति मि लि 70,000 से 75,000 *कैटोसिरोस* कोशों की दर में अधिक बढती दर प्राप्त हुई। इसलिए यह एलगल सघनता अनुकूलतम मानी जा सकती है। पोताश्रय में देखी गयी बढती दर उपर्युक्त दर के समान थी और ये बढती दर भारत में देखी गयी बढती दरों में सबसे तेज़ है जिससे 6 हफ्तों में रोपण योग्य शुक्तियों की प्राप्ति हुई थी।

मुक्ता शुक्ति संवर्धन साधारणतया खुले समुद्र में सीमित है। वर्तमान अध्ययन में मुक्ता शुक्तियों को पहली बार विशाखपट्टनम और काकिनाडा खाडी के मात्स्यिकी बन्दरगाह में और इसके चारों ओर कम लवणता के जल में लंबी अवधि तक संवर्धित

किया था। मानसून के दौरान यहाँ जल की लवणता (18 से 25%°) बहुत कम थी लेकिन बाकी अध्ययनावधि में यह 30%° में देखी गयी। अधिकांश द्विकपाटियाँ लवणता, आविलता और तापमान के विस्तृत व्यतियान अच्छे खाद्य देने पर बरदाश्त करते हैं। इसलिए पादपप्लक सघनता अनुकूलतम स्तर में रखकर अपतटीय टैंक में संवर्धन किया जा सकता है।

मुक्ता शुक्ति संवर्धन का और एक मुख्य घटक है अनुकूलतम गहराई, जहाँ शुक्तियाँ ठीक प्रकार बढकर मोतियों का उत्पादन कर सकते है। वर्तमान अध्ययन ने यह साबित किया कि 50 से मी गहराई में शुक्तियों की इष्टतम बढती पाकर मोती उत्पादन सुसाध्य है।

दूषणकारी जीवों की समस्या अपतटीय टैंकों में बहुत कम है और इसका नियंत्रण भी आसान है।

क्रीम रंग के ए श्रेणी मोती (49%) और 20% रोपित मुक्ता शुक्तियाँ आर्थिक दृष्टि में बहुत आकर्षक होती हैं। उचित संसाधन से अन्य ग्रेड के मोतियों को भी आकर्षक बना सकते है। रोपित मुक्ता शुक्तियों से 8% प्राकृतिक मोतियों की प्राप्ति टैंक प्रणाली की और एक महत्वपूर्ण बात है। टैंक प्रणाली में मुक्ता शुक्तियों के शरीर में बालु-कण या खाद्याशं पडने की संभावना गहरे समुद्र जल की तुलना में अधिक है। मूल्यवान प्राकृतिक मोतियों के उत्पादन में अपतटीय टैंकों की शक्यता उद्यमकर्ताओं केलिए बहुत ही लाभकर है।

एक्स-किरण प्रणाली से न्यूक्लियस निकाली गयी शुक्तियों को न्यूक्लियस युक्त शुक्तियों से अलग की जा सकती है और न्यूक्लियस निकाली गयी शुक्तियों का पुन: रोपण करने पर मोती उत्पादन बढाया जा सकता है। नेकर स्राव के निर्धारण और मोनिटरन और माता शुक्तियों के अंदर के मोतियों की गुणता जानने केलिए भी एक्स-किरण का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार मोती उत्पादन का मात्रात्मक और गुणात्मक निर्धारण पहले ही किया जा सकता है। डॉ वी. एस. राघवा, डिपार्टमेन्ट ऑफ कंप्यूटर साइन्स आन्ड इंजिनीयरिंग ने मुक्ता शुक्तियों के एक्स-किरण चित्र के संसाधन में एक कंप्यूटर सोफ्टवेयर सिस्टम विकसित किया है जो टैंक में मोती संवर्धन करने में बहुत उपयोगी होगी।

खाद्य और चयनात्मक प्रजनन से मोतियों का रंग और गुणता बढाने केलिए और भी अध्ययन आवश्यक है। इसकी आर्थिकता के ठीक निर्धारण केलिए अपतटीय मुक्ता संवर्धन बडे पैमाने में करना भी अत्यंत आवश्यक है।

भारत में समुद्री कच्छप की आकस्मिक पकड

एम. राजगोपालन, ई. विवेकानन्दन, एस. कृष्णपिल्लै, एम. श्रीनाथ और ए. बास्टिन फेरनान्डो

केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन - 682 014

भारत के समुद्री कच्छप

भारत के सभी तटों विशेषकर लक्षद्वीप और आन्डमान व निकोबार द्वीपों में समुद्री कच्छपों को दिखाया पडता है। भारतीय समुद्र में मुख्यत: समुद्री कच्छपों की पाँच जातियाँ रहती हैं जो प्रवासी स्वभाव की हैं।

लेपिडोचेलिस ओलिवेसिआ **(Olive ridley turtle):** यह भारतीय समुद्र का प्रमुख कच्छप है, जिसे उडीसा तट में अधिक रूप से दिखाया पडता है। जनवरी-मार्च के दौरान भारत के पूर्व और पश्चिम तटों में तथा उपसागर द्वीपों में ये नीडन करते हैं।

चेलोनिआ मिडास **(Green turtle):** यह भारतीय समुद्र में दिखाये जाने वाले कच्छपों की सबसे बडी जाति है, जो अधिकत: भारत के पश्चिम और पूर्व तटों तथा लक्षद्वीप और आन्डमान व निकोबर द्वीपों में मौजूद है। यह तो सबसे महंगी जाति है और मान्नार खाडी से 1970 के दौरान इसकी पकड बडी संख्या में होती थी।

इरेट्मोचेलिस इम्ब्रिकेटा **(Hawksbill turtle):** छोटे आकारवाले ये कच्छप भारतीय समुद्र में बहुत कम पाये जाते है। लक्षद्वीप, भारत के दक्षिण-पश्चिम तट, तमिलनाटू और आंडमान व निकोबार द्वीपों में दिखाए जाने वाले ये कच्छप स्पंज, कर्कट और अन्य विषैले जीवों को खाने के कारण खाने योग्य नहीं हैं।

कैरेटा कैरेटा **(Longer head turtle):** शरीर से भी बडा सिर इस जाति की विशेषता है। भारत में मान्नार खाडी में इसे दिखाया पडता है। ये मांसाहारी कच्छप कर्कट, मछली और अन्य नितलस्थ जीवों को खाते हैं।

***डेर्मोचेलिस कोरिआसिआ* (Leatherback turtle):** इस जाति के कच्छप 500 कि ग्रा भार तक बढते हैं। कवच के ऊपर मोटे चर्मिल ऊतक का आवरण मौजूद है। 1970 के दौरान इसके अंडों को विवेकशून्यता से चुराने की वजह से इस जाति की संख्या अब कम हो गई है। फिर भी लिटिल आन्डमान और निकोबार द्वीपों के प्राचीन पुलिनों एवं किनारों में ये मौजूद हैं।

संसार के कुल कच्छप नीडन की तुलना में भारत के ओलीव राइड्लीस कच्छप का नीडन सबसे व्यापक माना जाता है। यह आकलित किया जाता है कि हर वर्ष उडीसा के गहिरमाता पुलिन में लगभग 2,40,000 स्त्री जाति ओलीव राइड्लीस कच्छप नीडन करती हैं। टैगन परीक्षणों तथा समुद्री पुलिस के आकलन से व्यक्त हो जाता है कि नवंबर में ये कच्छप उत्तर की ओर व्यापक रूप से प्रवास करते हैं और भारत के सारे दक्षिण भागों और पूर्वी तटों का प्रवास करके उडीसा के नीडन पुलिन में पहूँचते हैं। प्रवास करते वक्त कुछ कच्छप मार्ग से विचलित होकर तमिलनाटू और आंध्रप्रदेश तटों में नीडन करते हैं। व्यापक नीडन मुख्य रूप से दो दलों में, यानी जनवरी-फरवरी में प्रथम और मार्च में दूसरा, किया जाता है।

विदोहन और परभक्षण

भारत में उडीसा और पश्चिम बंगाल में हर वर्ष व्यापक नीडन के दौरान कच्छप के अंडों और मांस का व्यापार होता था। उडीसा के वन विभाग ने कच्छप के अंडों का संग्रहण करने की अनुज्ञप्ति दी है और वर्ष 1973 के आकलन के अनुसार 1.5 मिलियन अंडों का संग्रहण नियमानुसार किया गया है। वर्ष 1975 से लेकर उडीसा सरकार अनुज्ञप्ति देने में रोक लगाने पर भी 1980 के कुछ वर्षों तक प्रौढ कच्छपों का विदोहन होता रहता था। आकलन से यह व्यक्त हो गया कि 1980-82 के दौरान हर नीडन मौसम में गहिरमाता पुलिन से नर एवं स्त्री जातियों के 50,000-80,000 कच्छपों का प्रग्रहण किया गया। 1982-83 से लेकर उडीसा और पश्चिम बंगाल सरकार के वन विभाग और समुद्री पुलस की सतर्कता विभाग द्वारा कच्छपों और इनके अंडों का अनधिकृत संग्रहण और व्यापार में रोक लगाया गया और इनका मत्स्यन भी बंद किया गया।

मान्नार खाडी और पाक उपसागर में भी इस तरह की नियंत्रित मात्स्यिकी कार्यरत थी। पाम्बन और कन्याकुमारी से 3000-4000 और पाक उपसागर से 1000 कच्छपों का अवतरण किया गया। तमिलनाटु सरकार के वन विभाग की कार्रवाई के अनुसार 1980 से लेकर कच्छपों का विदोहन एवं व्यापार बंद किया गया।

1960 के दशक के पूर्व कच्छपों को श्रीलंका में और कच्छप कवचों को फ्रान्स, युनाइटड किंग्डम तथा अन्य देशों में निर्यात किया जाता था। 1977 से लेकर इस पर रोक लगाया गया।

भारत में वर्ष 1960 और 1970 के दशकों के दौरान हुए कच्छपों का विदोहन निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जाता है।

i. मांस एवं कवच केलिए मत्स्यन में नियंत्रण
ii. नीडन के लिए पुलिन में आते वक्त प्रौढ कच्छपों का विदोहन
iii. उपभोग के लिए मनुष्यों द्वारा अंडों का विदोहन; कुत्तों, गीदड आदि द्वारा अंडों का परभक्षण
iv. पक्षियों, कुत्तों आदि द्वारा हैचलिंग का खाना

परिरक्षण

जीव हानि से कच्छपों को सुरक्षित करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने परिरक्षण एवं प्रबंधन उपाधियाँ विकसित की हैं। इनके अनुसार कच्छपों को खतरे में पडी हुई प्राणी जातियों के अंदर शामिल किया और उडीसा के गहिरमाता पुलिन को वन्य जीव रक्षा स्थान घोषित किया गया। इस प्रकार कच्छपों के परिरक्षण के लिए कई तटीय भागों एवं पुलिनों, जहाँ कच्छपों का व्यापक नीडन होता है, को नेशनल पार्क, संरक्षित मेखला और वन्य जीव रक्षा स्थान घोषित किया गया।

इसके अतिरिक्त 1980 के प्रारंभ के वर्षों में मान्नार खाडी और उडीसा तथा पश्चिम बंगाल में कार्यरत कच्छप मात्स्यिकी कड़ी निगरानी एवं नियमें के प्रवर्तन द्वारा बंद की गई।

कई समुद्रवर्ती राज्य सरकार, विभिन्न एजेंसियाँ और तमिलनाटु, आंध्रप्रदेश, गोवा, गुजरात, आन्डमान व निकोबार द्वीपों के संघ राज्य क्षेत्र और कई अर्ध-सरकारी एजेंसियाँ भी कच्छपों के परिरक्षण केलिए आगे आए हैं। सी एस एफ आर आइ ने भी इसके लिए कदम उठाए हैं। कोवलम (मद्रास के पास) में संस्थान द्वारा ओलीव राइड्ली की स्फुटनशाला स्थापित की गई है और इनके अंडजनन, किशोरों का पालन, बढ़ती, आहार का चयन, अंडों का विकास, नीडन के समय इनका स्वभाव आदि पर अध्ययन किया जाता है।

समुद्री कच्छपों के प्रभावकारी संरक्षण के लिए उपर्युक्त संगठनों ने निम्नलिखित क्षेत्रों को पहचाना है:

i. वर्तमान खतरनाक क्षेत्रों, पहले ही पहचाने गए दुर्बल क्षेत्रों, नए क्षेत्रों और राष्ट्रीय समुद्र तट व्यवस्थाओं के आवासों का संरक्षण;

ii. पुन: प्राप्ति कार्यक्रम, नीडों के स्थानांतरण और स्फुटनशालाओं की स्थापना द्वारा कच्छप जातियों का संरक्षण;

iii. प्रचलित नियम व विनियम और भविष्य की आवश्यकताओं का विधि-निर्माण और प्रवर्तन;

iv. प्राणी विज्ञान पारिस्थितिकी, जननात्मक शरीरक्रिया विज्ञान, अंत:स्रावि की, व्यवहार के बारे में अनुसंधान; और

v. कच्छपों की प्रधानता और इनके परिरक्षण की आवश्यकता एवं निरीक्षण पर बच्चों और लोगों को शिक्षा, प्रशिक्षण और विस्तार दिया जाना।

इनके अतिरिक्त सी एम एफ आर आइ द्वारा निम्नलिखित मुद्दों पर राष्ट्रीय कार्यक्रम विकसित किया।

i. भारतीय तटों और उपसागर द्वीपों में समुद्री कच्छपों के नीडन क्षेत्रों का सर्वेक्षण एवं सीमांकन करना;

ii. मत्स्यन परिचालन में कच्छपों की आकस्मिक पकड का मॉनीटरन और यह कम करने के उपाय सुलझना;

iii. स्फुटनशाला के विकास और किशोरों को मुक्त करने का कार्यक्रम बनाना;

iv. कच्छपों की जीवसंख्या संरचना, प्रवासी स्वभाव, बढती, आयुकाल और मृत्यु संख्या समझने केलिए उनका टैगन करना,

v. कच्छपों की प्राणिविज्ञान के पहलुओं तथा स्वभाव का अनुसंधान; और

vi. अनन्य आर्थिक मेखला के कच्छपों से संबंधित आंकडे की प्राप्ति एवं प्रचार केलिए राष्ट्रीय समुद्री जीव संपदा आंकडा केन्द्र (NMLRDC) प्रबल बनाना।

सी एम एफ आर आइ ने समुद्री कच्छप परिरक्षण पर वर्ष 1984 में मद्रास में एक राष्ट्रीय कार्यशला और 1985 में कोचीन में खतरे में पडे हुए समुद्र जीवों पर अंतर्राष्ट्रीय परिचर्चा भी चलाई। इस पर संस्थान के अनुसंधान परिणाम कार्यवृत्तों, बुल्लेटिनों, विशेष पत्रिकाओं, अनुसंधान कागजातों में प्रकाशित किए गए हैं।

1970 और 1980 के दशकों के दौरान उपर्युक्त संगठनों द्वारा किए गए गहन प्रयासों के कारण समुद्री कच्छपों की मृत्यु संख्या कम कर सके।

आकस्मिक पकड

मुख्यत: ट्राल जाल और गिल जाल में समुद्री कच्छप आकस्मिक रूप में पड जाते हैं। वर्ष 1980 और 1994 के बीच में यंत्रीकृत यानों की ज्यादा बढती होने के कारण उपतट क्षेत्र की < 50 मी गहराई की जीव संपदाओं का पूरा विदोहन हो जाता है।

भारत के तटों में स्थित सी एम एफ आर आइ के 12 अनुसंधान केन्द्रों और 30 क्षेत्र केन्द्रों में देश में विदोहन की गई समुद्री मात्स्यिकी संपदाओं के आंकडों का संग्रहण एवं मुल्यांकन किया जाता है। इन संपदाओं के उचित मॉनीटरन केलिए संस्थान के कर्मचारियों द्वारा एक बृहत् आंकडा संग्रहित किया है। कच्छपों की आकस्मिक पकड जानने के लिए इनकी पांच जातियों को कूड संख्या डालकर कंप्युटर विश्लेषण करने की रीति भी एन एम एल आर डी सी द्वारा विकसित की गई है। रेखा चित्रों और फोटोचित्रों की सहायता से इन जातियों की विशेषताएं, आकस्मिक पकड, जातिवार सूचना, नीडन स्थानों की सूचना आदि प्राप्त कर सकते हैं।

1985 से लेकर 1995 के वर्षों के दौरान पूरे समुद्रवर्ती राज्यों में हुई आकस्मिक पकड के आंकडों से यह मालूम पडता है कि पूरे भारत में केवल 335 समुद्री कच्छपों को आकस्मिक रूप से पकडा है। इसका 66.7% ट्रालरों और 25.4% गिल जालों द्वारा पकडा गया है। सी एम एफ आर आइ के सर्वेक्षणों का मुख्य लक्ष्य स्ट्राटिफाइड रैंडम साम्प्लिंग रीति को स्वीकार करके आंकडा संग्रहित करना है। कुल आकस्मिक पकड का वास्तविक आकलन नहीं प्राप्त हैं। समुद्र में पकडे और नाश किए गए कच्छपों की रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। फिर भी, समुद्री कच्छपों की आकस्मिक पकड की संख्या 335 से भी अधिक होने की संभावना है।

फिर भी पिछले वर्षों की तुलना में कच्छपों की आकस्मिक पकड में कहने लायक घटती हुई है। इसके कारण हैं:

i. कच्छपों को छोड देने की मछुओं की जागरूकता;

ii. तट पर लाने पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा निगरानी होने की वजह से इनके मांस की कम मांग;

iii. 3 कि मी के उपतट में यंत्रीकृत ट्रालरों के मत्स्यन में लगाया रोक।

नीडन क्षेत्र में आकस्मिक पकड

गहिरमाता पुलिन में धंसे हुए कच्छपों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वर्ष 1983 के दौरान लगभग 7500 ओलीव राइड्ली के शव तट से हटाया गया है। इसका कारण पारादीप और निकट के मत्स्यन क्षेत्रों में किए गए मत्स्यन परिचालन के दौरान कच्छपों का जाल में फंस जाना है। बाद के वर्षों में उडीसा तथा पश्चिम बंगाल के राज्य सरकारों द्वारा लिए गए

उचित उपायों और व्यापक नीडन के समय मत्स्यन कार्य में लगाए रोक के कारण कच्छपों की मृत्युदर में घटती हुई।

निष्कर्ष

समुद्री कच्छपों के विदोहन एवं आकस्मिक पकड विशेषत: गहिरमाता तट में ओलीव राइड्ली की वर्तमान स्थिति मानने पर ये निष्कर्ष मिलते हैं कि:

i. कडी निगरानी द्वारा प्रौढ कच्छपों तथा अंडों के विदोहन में प्रभावी घटती हुई हैं;

ii. मत्स्यन प्रक्रिया के समय हुई कच्छपों की मृत्यु का आकलन उपलब्ध नहीं है। फिर भी, प्राप्त आकलनों और नमूना सर्वेक्षणों से ज्ञात होता है कि व्यापक नीडन के दौरान गहिरमाता पुलिन में लगाए रोक और उथले समुद्र में यंत्रीकृत मत्स्यन में लगाए रोक के कारण वर्ष भर पूरे भारतीय तटों में आकस्मिक पकड में भारी घटती हुई है।

iii. समुद्री कच्छपों की आकस्मिक मृत्यु दर का 66.7% ट्रालरों के ज़रिए होता है।

iv. पहले के वर्षों की तुलना में 1990 के वर्षों में गहिरमाता पुलिन में नीडन करनेवाली मादा ओलीव राइड्ली की संख्या में कमी नहीं हुई है।

सुझाव

i. मत्स्यन गिअरों द्वारा होने वाली आकस्मिक पकड के उचित आकलन के लिए तरीका विकसित किया जाना है। इस तरह का तरीका विकसित करने और कार्यान्वित करने के लिए सी एम एफ आर आइ को चुन लेना है;

ii. ओलीव राइड्ली कच्छप के संगम के श्रृंगकाल एवं नीडन के दौरान (अक्तूबर-मार्च) गहिरमाता में पारादीप के यंत्रीकृत यानों का मत्स्यन पूर्णत: रोकना। इस वजह से कच्छपों की आकस्मिक पकड और यंत्रीकृत बोटों द्वारा होनेवाली मृत्यु कम की जा सकती है;

iii. आकस्मिक पकड कम करने केलिए पारादीप केंद्रित यानों के ट्राल जालों में टर्टिल एक्स्क्लूडर डेविसस (TEDs) लगाया जाना है;

iv. इन उपायों का प्रयोग भारत में नहीं होने के कारण इनसे भी सस्ते उपाय (TEDs) का रूपांकन करने केलिए केंद्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान (सी आइ एफ टी) को चुनना;

v. भारत सरकार और उडीसा सरकार द्वारा पारादीप केंद्रित यानों में ये उपाय लगाने और इसके कार्यान्वयन की रीति का रूपायन करना।

तमिलनाटु के रामेश्वरम में परिष्कृत ट्राल जाल से पवित्र प्रशंख *जानकस पाइरम* का बडे पैमाने में विदोहन

ए. पी. लिप्टन, पी. तिल्लैराजन, एम. बोस, जे. आर. रामलिंगम और के. जयबालन

सी एम एफ आर आइ का मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम कैंप

आमुख

पवित्र प्रशंख, *जानकस पाइरम* एक समूह प्रिय जठरपाद है। ये प्रशंख संस्तरों में रहते हैं। होरनेल ने 1922 में मान्नार की खाडी में 10 से 20 मी गहराई में विद्यमान प्रशंख संस्तर का विवरण दिया है जो देश के प्रशंख संस्तरों में सबसे प्रमुख माना जाता है। कच खाडी और भारत के दक्षिण पश्चिम तटों में भी प्रशंख संस्तर उपस्थित है। गोखले (1963) के अनुसार गुजरात तट में प्रशंख संस्तर प्रवाल भित्तियों में या इसके आसपास पाया जाता है। महादेवन और नायर (1966) के अनुसार तमिलनाटु के प्रशंख संस्तरों के प्रशंख छोटे छोटे प्रवालों युक्त मुलायम बालु, अन्य "पार" अपरद और तंतुमय हरित एल्गे के सहारे पनपते है। प्रशंखों को तट क्षेत्र से हस्त चयन से या उचित मौसम में प्रशंख संस्तरों में डाइविंग के ज़रिए संग्रहण करते है। बोटम सेट गिल जालों और ट्राल जालों में उप पकड के रूप में ये प्राप्त होते है। केरल में दिसंबर से मार्च तक लंबी डोर के ज़रिए प्रशंखों का विदोहन हो रहा है। (अप्पुकुट्टन आदि, 1980)

तमिलनाटु में हाल ही तक रामेश्वरम तट के चुने गये केन्द्रों का प्रशंख मत्स्यन तमिलनाटु राज्य सरकार के एकाधिकार में था। लेकिन आज इस नियम को उदार किया गया है और इसके अनुसार परंपरागत और नये प्रशंख संस्तरों में इसका विनिर्दिष्ट विदोहन हो रहा है। यह रिपोर्ट रामेश्वरम तट पर प्रशंखों के इस विनिर्दिष्ट विदोहन और इसकी संभावित संघात पर प्रकाश डालता है।

विनिर्दिष्ट विदोहन का क्षेत्र और रीति

प्रशंखों के विनिर्दिष्ट विदोहन केलिए ''चंकु माडी'' नाम से जानने वाले जालों का उपयोग करता है। यह प्रशंखों के प्रग्रहण केलिए तैयार किये गये चिंगट ट्राल है। रामेश्वरम के नेडुन्टिवु से सिलोन तट के तलैमान्नार क्षेत्रों में 12 से 16 मी गहराई में प्रशंखों केलिए आनायन करते है।

''चंकु माडी'' का विवरण

निमज्जक ट्राल: जालों के निमज्जकों की तुलना करने से व्यक्त होता है कि चिंगट ट्रालों में 110-115 निमज्जक होते है जब कि ''चंकु माडी'' में यह प्रति जाल 300 से 350 तक होता है और भार 60 से 70 कि ग्रा के बीच।

जालाक्षि आकार: चिंगट ट्रालों का जालाक्षि आकार 25 मि मी है। ''चंकु माडी'' का जालाक्षि आकार 40 मि मी तक बढा दिया है। पंक और अन्य कचरों को साफ करने केलिए जालाक्षियों का आकार बढाना आवश्यक है।

आनायन शीघ्रता: निमज्जकों के भार और तलीय आनायन आवश्यकताओं को जुटाने के उद्देश्य से ''चंकु माडी'' का आनायन तेज आनायकों की तेजी (5 कि मी/1 घंटे) से आधा (2.5 कि मी) कर दिया गया है।

खींच: चिंगट आनायन में प्रति ट्रिप 4 खींच करते है। ''चंकु माडी'' में ट्रिप के हर आधे घंटों में जाल खींचता है और इस प्रकार प्रति ट्रिप 10 से 12 खींच करते है।

आनाय जाल की लागत: चिंगट आनायों की कुल लागत 7,000/-रु. है। ''चंकु माडी'' केलिए प्रति जाल 8000/-रु. की लागत होती है।

''चंकु माडी'' में जाति मिश्रण और पकड

''चंकु माडी'' प्रचालन गुप्त स्वभाव के होने के कारण पकड को तुरंत ही प्रशंख के गोदामों में ले जाते है। इसलिए इसके बारे में सूचना मिलने केलिए उनको यह विश्वास दिलाना पडा कि यह सूचना केवल वैज्ञानिक आवश्यकता केलिए है। इस प्रकार प्राप्त सूचना के अनुसार पकड में मुख्य *जांकस पाइरम* देखा गया। इसका अनुगमन करते हुए शंकुश, नक्षत्र मछली और समुद्री ककडियाँ भी मिलती है।

प्रशंखों की लंबाई और अन्य आकृतिमान लक्षण

जांकस पाइरम की विभिन्न जातियों में *जांकस पाइरम* वार. *ओब्टूसा* (तमिल में ''पट्टि'') प्रमुख है। इनकी लंबाई 91 से 220 मि मी तक और अधिकतम कवच व्यास 41 से 170 मि मी के बीच थी।

प्रशंखों की कुल पकड का प्राक्कलन

चिंगट के बंद मौसम में आनायकों का प्रचालन केवल प्रशंख विदोहन केलिए किया और प्रति दिन प्रति पोत 150 कि. ग्रा प्रशंख प्राप्त हुआ। प्राक्कलन के अनुसार माहिक पकड 54,000 कि. ग्रा है।

प्रशंखों का विदोहन - कारण

''चंकु माडी'' प्रचालकों के अनुसार प्रशंख विदोहन के कारण निम्नलिखित है।

प्रशंख कवचों, मांस और प्रच्छदों की बढती मांग

प्रशंख कवचों की मांग में सालों से बढती आयी है इसलिए परंपरागत निमज्जन से माँग पूरी नहीं की जा सकती। आकार के आधार पर प्रशंखों को 150 से 500/- रु तक दाम मिलता है। शुष्कित प्रच्छद 280-450/- रु में बिक गया। औषध संबंधी आवश्यकताओं केलिए एवं स्टिक मानुफाक्चरिंग उद्योगों केलिए शुष्कित प्रच्छदों का निर्यात किया जाता हैं।

चिंगट दाम और पकड में घटती

कुछ मौसम ऐसा होता है जब चिंगट पकड बहुत कम होती है। चिंगट पकड के श्रृंगकाल (जून, जुलाई और अक्तूबर-दिसंबर) में औसत पकड प्रति पोत 20 कि. ग्रा होती है और करीब 8,000/- रु. दाम मिलता है। पकड कम मिलनेवाले मौसम में पकड प्रति पोत करीब 10 कि. ग्रा जिसका करीब 5,000/- रु. दाम मिलता है। पकड कम मिलनेवाले मौसम में ''चंकु माडी'' का कुल आय चिंगट आनायन की तुलना में दुगुना होता है।

''चंकु माडी'' का बुरा प्रभाव

अधिक निमज्जक वाले ''चंकु माडी'' का प्रचालन और निरन्तर खींच से नितलस्थ जीवजातों का नाश होता है।

परंपरागत प्रशंख निमज्जकों ने बताया कि रामेश्वरम क्षेत्र के छ: पंरपरागत प्रशंख संस्तरों का ''चंकु माडी'' के प्रचालन से भारी नाश हुआ है। आजकल प्रशंख निमज्जन मौसम में (जनवरी-मार्च) प्रशंख संस्तर पहले के समान प्रशंखों, होलोथूरिया और विभिन्न प्रवालों और मोलस्कों से समृद्ध नहीं बल्कि शून्य दिखाया पडता है।

निमज्जकों की अधिकता के कारण ''चंकु माडी'' 15 से मी तक गहराई में जाते है और इस स्तर के जीवजातों का

नाश करते है। प्राधिकारियों का ध्यान इसकी ओर जाना अत्यन्त आवश्यक है। आय से प्रलोभित होकर आजकल प्रत्येक आनायकों में अन्य जालों के साथ ''चंकु माडी'' भी रखते है। चिंगट/ मछली केलिए आनायन करके कम पकड मिलने पर ''चंकु माडी'' का प्रचालन करके कवच/होलोथूरियनों की अच्छी पकड प्राप्त करती है। इस प्रकार का व्यवहार प्रशंख सहित सभी नितलस्थ जीवजातों का नाश का कारण हो जाएगा जिसका बुरा प्रभाव पारिस्थितिकी पर पडेगा।

मद्रास मात्स्यिकी बंदरगाह की स्थिति रिपोर्ट

ई. विवेकानन्दन

केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केन्द्र, मद्रास - 600 006

भारत के पूर्व तटों में स्थित बडे मात्स्यिकी बंदरगाहों में एक है मद्रास मात्स्यिकी बंदरगाह। यह अनुमानित किया जाता है कि यहाँ 480 आनायकों, 20 यंत्रीकृत गिल जालों, 25 यंत्रीकृत और 200 अयंत्रीकृत कटामरीनों का प्रचालन होता है। 1995 में वार्षिक मत्स्य अवतरण 38251 टन था जिसमें 96.1% आनायाकों का योगदान था।

आनायक

i. उपयुक्त 480 आनायक विभिन्न लंबाई के हैं यानी 32', 36' और 40'-45'। इसकी अश्व शक्ति 65 और 120 के बीच में है। छोटे आनायकों (32' और 36') का दैनिक प्रचालन होता है। कभी कभी इनका पुतुपट्टनम (मद्रास के दक्षिण) और श्रीहरिकोट्टा (मद्रास के उत्तर) के बीच 15-40 मी गहराई में प्रचालन करते है। बडे आनायक (40'-45') मद्रास के उत्तरपूर्व भाग में स्थित निज़ामपट्टनम में 15-60 मी गहराई में 6 दिनों का प्रचालन करते है।

ii. आनायकों के विशेषत: बडे आनायकों के प्रयास और पकड बढ गये है। वर्ष 1995 में कुल आनायन प्रयास का 56% और कुल अवतरण का 59% बडे आनायकों का योगदान था। बडे आनायकों की बढती अविदोहित क्षेत्रों में मत्स्यन तीव्र करने में सहायक निकली।

iii. आनायन 50 मी गहराई तक सीमित था। कुल प्रयास के केवल 7.8% ही 50 मी से अधिक गहराई में किया था जिससे कुल अवतरण का 10.0% अवतरण प्राप्त हुआ था।

iv. प्रति हेक्टयर पकड 1991 तक बढती में थी। क्रमश: इसकी घटती हुई और 1995 में यह प्रति हेक्टयर 48.3 कि. ग्रा हो गयी।

v. दीर्घ दिनों के प्रचालन में लगे आनायकों ने 1995 में 2671 टन ट्राश मछलियों को फेंक दिया जो 0.5 करोड रु. मूल्य की थी। दैनिक प्रचालन के आनायकों ने सारी पकड का अवतरण किया।

vi. पुतुपट्टनम और निसामपट्टनम के बीच 15 और 50 मी गहराई के बीच पडे क्षेत्रों का विदोहन पूर्णत: मद्रास के आनायकों के ज़रिए होता है। 50 मी से अधिक गहराई में मत्स्यन तीव्रता अधिक होने के कारण आनायन 50 मी से अधिक गहराई में करना उचित होगा। लेकिन 50 मी से अधिक गहराई में चिंगट की प्रचुरता कम होने के कारण आनायक प्रचालक 50 मी से कम गहराई में मत्स्यन करने केलिए प्रेरित हो जाते है।

गिलजाल

i. ड्रिफ्ट गिलजालों का प्रचालन केवल 20 यंत्रीकृत पोतों से होता है। इनका मत्स्यन क्षेत्र मद्रास और श्रीहरिकोट्टा के बीच में है।

ii. प्रयास, पकड और प्रति हेक्टयर प्रयास में सालों से बढती हुई है। वार्षिक औसत प्रयास, पकड और प्रति हेक्टयर पकड 1984-1986 के दौरान क्रमश: 20808 हे, 270 टन और 13.0 कि ग्रा/हे थी; वर्ष 1995 में यह क्रमश: 47568 हे; 822 टन और 17.3 कि. ग्रा/हे थी।

iii. 1995 में करीब 50% अवतरण 50 मी से अधिक गहराई में हुआ।

गिल जालों की संख्या, निष्पादन और प्रचालन आय पर विचार करने पर ऐसा लगता है कि गिल जालों की संख्या बढायी जा सकती है।

कैटामरीन

i. पिछले 15 सालों के कुछ परंपरागत संभारों की प्रस्तुति हुई और कुछ निकाले गये। ट्रामल जाल और पन्नु वलै की

प्रस्तुति हुई, माधा वलै (बैग जाल), अरा वलै (गिल जाल) और इरुक्का वलै (गिल जाल) पोत संपाश से निकाले गये।

ii. एडा वलै (बैग जाल), कवाला वलै (गिल जाल) और काँटा डोर का प्रयास बढ गया। वार्षिक अवतरण 239 टन (1980-1983) से 682 टन (1995) तक बढ गया।

iii. अन्य मुख्य विकास कटामरीनों का यंत्रीकरण (1990) और फाइबरग्लास पोतों की प्रस्तुति (1995) है।

iv. ट्राल आनायकों के बढने पर परंपरागत सेक्टरों का अवतरण काफी घट गया। 1980-1983 के दौरान आनायकों का योगदान 93.7% था, गिल जालों और पंरपरागत क्राफ्टों ने क्रमशः 2.4% और 3.9% अवतरण किया। 1995 में ट्रालरों का योगदान 96.1% था, और गिल जाल और परंपरागत क्राफ्टों का क्रमशः 2.1% और 1.8% था।

सी एम एफ आर आइ के मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र में कर्कट *पोर्टूनस पेलाजिकस* (क्रस्टेशिया पोर्टूनिडे) डिम्भकों का हैचरी में पालन

जोसलीन जोस, एम. आर. अरपुतराज, ए. रामकृष्णन, ए. वीरमणि

सी एम एफ आर आइ का मंडपम क्षेत्रीय केन्द्र, मंडपम कैंप

पाक खाडी और मान्नार खाडी की मात्स्यिकी में नील तरण कर्कट *(पोर्टूनस पेलाजिकस)* का बहूत ही महत्वपूर्ण स्थान है। ट्राल जालों में पकडे जाने वाले ये कर्कट, कर्कट जातियों में प्रमुख है। इसको प्रति कि. ग्रा 35-40 रु दाम मिलता है। कभी कभी यह 55/- रु तक बढ जाता है। आजकल इसकी माँग और भी बढती जा रही है।

सालों से जलकृषक चिंगट संवर्धन में ही आकृष्ट है। लेकिन हाल में चिंगट कृषि में टूट पडे कई रोगों के कारण उनको भारी नष्ट सहना पडा। अतः संवर्धन में परिवर्तन लाने का समय आ गया है। उच्च निर्यात मूल्य कर्कट इसकेलिए अत्यन्त उचित जाति है।

कर्कट बीजों की अनुपलब्धता आजकल कर्कट पालन की मुख्य कमी है। कर्कट बीजों और किशोरों केलिए कृषकों को प्राकृतिक संपदाओं पर ही आश्रित करना है। अनेक कार्यकर्ताओं ने *सिल्ला सेरेट्टा* के डिम्भक पालन और बीज उत्पादन किया है। लेकिन *पोर्टूनस पेलाजिकस* का हैचरी उत्पादन हमारे देश में नहीं किया है। इसलिए *पी. पेलाजिकस* की हैचरी उत्पादन तकनोलजी के मानकीकरण और प्रचार केलिए वर्तमान कार्य लिया गया है।

सामग्री व रीतियाँ

भ्रूण स्टोक

मंडपम के आनायक पकडों से स्वस्थ अंडवाही के *पी. पेलाजिकस* मादाओं को संग्रहण करके हैचरी में लायी थी। पीत रंग के अंडोंवाले कर्कटों को संग्रहित करके 1.5 टन धारिता वाले टैंकों (5) में 25±1 पी पी टी लवणता, पी एच 8.2 ± 0.1 और 28+1°C तापमान में निरन्तर वातन के साथ रख दिया।

रोज़ सबेरे और शाम को 60-70% जल का परिवर्तन किया था। केवल निस्यंदित समुद्र जल का उपयोग किया था और खाद्य के रूप में मछली और सीपी दे दिया। जल प्रदूषण रोकने केलिए टैंक से खाद्यांशों को निकाला गया था।

अंडजनन

अंडों के रंग परिवर्तन का दैनिक निरीक्षण किया था और गहरे धूसर रंग होने पर उनको ज्ञात आयतन के समुद्र जल वाले टैंकों में स्थानांतरित किया था। इनके कुल भार और पृष्ठवर्म की चौडाई नोट किये थे। इस अवस्था में इनको नहीं खिलाये थे। रोज़ टैंक की सफाई की थी।

डिंभक

डिंभकों को विभिन्न घनत्व के फाइबर ग्लास टैंकों में डालकर, रोज़ जल की लवणता, तापमान आदि पैरामीटरों का निरीक्षण किया था। हफ्ते में दो बार नाइट्रेट, अमोणिया, फोसफेट, हाइड्रजन सल्फाइड आदि अन्य पैरामीटरों का भी निरीक्षण किया था। टैंक में अच्छे वातन की सुविधा भी थी।

डिंभक खाद्य

डिंभकों को खाद्य के रूप में मिश्रित पादपप्लवक (प्रमुखतः *कैटोसिरोस* एस पी पी) क्लोरेल्ला, रोटिफेर और ताज़ा आरटीमिया नॉप्ली दिये थे। मैगालोपों को रोटिफेर, चिंगट नॉप्ली और आरटीमिया नॉप्ली के अतिरिक्त चिंगट को नरम करके द्रव रूप में खिलाते

थे। कर्कट इन्स्टारों को चिंगट, सीपी मांस और चिंगट पश्च डिंभक से खिलाये थे।

पालन टैंकों का दैनिक निरीक्षण जारी रखा और सबेरे और शाम को 75% जल का परिवर्तन किया था।

डिंभक जोइया V की अवस्था तक पहूँचते ही टैंक में नाइलॉन रस्सियाँ, खाद्य शुक्ति कवच, समद्री घास, पोलिप्रोपिलीन मत्स्यन जाल, एसबेस्टोस शीट आदि डाल दिया ताकि मैगालोपे इन्हीं वस्तुओं में चिपक कर बढ सके। मैगालोपे ककर्ट की पहली अवस्था पाने पर उन्हें एक नये टैंक में स्थानांतरित किया था।

मिश्रित पादपप्लवक, क्लोरेल्ला, रोटिफेर, चिंगट नॉप्ली और आरटीमिया नॉप्ली की मात्रा हैचरी की आवश्यकता के अनुसार बढा दिया। इस संवर्धन केलिए निस्यंदित समुद्र जल का उपयोग किया था।

निरीक्षण और परिणाम

टैंक में बेरिड कर्कटों का तरण स्वभाव अनियमित था। ये हमेशा पारेपोडों में खडे थे। कुल ऊष्मायन दिवस 3-4 दिन देखा था। डिंभकों का संग्रहण सुबह किया था। संग्रहित जोइया की संख्या मादा कर्कट के आयाम के अनुसार थी (वर्तमान परीक्षण में 2-14 लाख के बीच)। स्फुटन 100% था।

प्रथम कर्कटावस्था पहूँचने के लिए पाँच निर्मोक अवस्था, पाँच जोइल अवस्था और मैगालोपा अवस्था बीतनी है। जोइल अवस्था से मैगालोपा अवस्था प्राप्त करने केलिए 12-13 दिन लिया था।

जोइया प्रकाशधनात्मक (Photo postitive) थे, ये प्रकाश की ओर तैरते थे। जोइल अवस्था की जीवी तैरने में बहुत उत्सुक थी और टैंक के ऊपरितल के पार्श्व भागों में झुण्ड में दिखायी पडती थी। खाद्य उदर वक्रता से पकडकर मुँह में डालते थे।

मैगालोपा कर्कट अवस्था में पहूँचने केलिए 6-7 दिन लिया था। ये जोइया की अपेक्षा कम सक्रिय थे। ये हमेशा टैंक के तल में या टैंक में डाले गये चीज़ों पर चिपकते हुए दिखाये जाते हैं। खद्यांश के संग्रहण और तैरने वाले शिकार को पकडने केलिए चेलीपेड्स के उपयोग किये थे । ये मैगालोपे स्वजातिभक्षी स्वभाव के थे।

जोइया V अवस्था पाने तक मृत्यु दर बहुत कम थी। लेकिन मैगालोपे की अवस्था में मृत्यु संख्या में बढती देखी गयी। इस अवस्था में 10,000 डिंभकों से कम स्टोकिंग घनत्व के टैकों में अच्छी अतिजीविता दर दिखायी पडी। मैगालोपे रूपान्तरण से किशोर कर्कट बनते वक्त भी मृत्युता देखी गयी। चिंगट मांस, शंबू मांस, *पोनिअस सेमिसुलकैटस* के पश्च डिंभक आदि से खिलाने पर भी किशोर कर्कट ने स्वजाति भक्षि स्वभाव दिखाया।

कर्कट बीजों के उत्पादन की बढती केलिए स्टोकिंग घनत्व, भोजन, पारिस्थितिक पैरामीटरों का परिचालन और स्वजाति भक्षि स्वभाव का नियंत्रण आदि विषयों पर परीक्षण चल रहे हैं।

टूटिकोरिन में तारली की पुनः उपस्थिति*

भारत के कुल मत्स्य अवतरण में 10 से 18% तारली *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स* है, जो अधिकतः पश्चिम तट से पायी जाती है। पूर्व तट में स्थित कुछ स्थानों से भी तारली के अवतरण की रिपोर्ट कभी कभी मिलती है।

साधारणतया टूटिकोरिन में तारली का अवतरण बहुत कम होता है। लेकिन 1995 में यहाँ 77 टन तारली का भारी अवतरण हुआ था। 1992 के विरल अवतरण के बाद, केवल 1995 के अगस्त-अक्तूबर अवधि में ही तारलियों की पुनः उपस्थिति हुई थी। सारडीन गिलजालों और तट संपाशों में इसका अवतरण रिकार्ड की थी।

संग्रहित नमूनों की कुल लंबाई 12.5 से मी से 15.2 से मी थी। अधिकतः 12.5 से मी, 13.5 से मी और 14.0 से मी के थे। मादा जाती 70.7% थी जबकि नर जाति केवल 8.6% थे।

अनिर्धारित 20.7% थे। 36.2% सुप्ति अवस्था की थी। 27.6% iii और iv अवस्था की थी। 15.5% अपरिपक्व अवस्था की थी।

कुल पकड को बर्फ डालकर अच्छा दाम पाने केलिए केरल भेज दिया । टूटिकोरिन में इसका उपभोग कम होने के कारण थोक दाम प्रति कि. ग्रा के लिए 7/- रु था।

*** सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र, टूटिकोरिन के जी. अरुमुगम द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट**

बिना आंखों की तारलियों का अवतरण*

टूटिकोरिन में 2-2-96 को तारलियों का असाधारण अवतरण हुआ। उस दिन का कुल अवतरण करीब 4 टन था। सारी की सारी मछलियों की आँखें निकाली गयी थी। लेकिन अगले दिन उसी अवतरण केन्द्र से प्राप्त तारलियों की दोनों आँखें थी।

इस केन्द्र से 55 कटामरीनों का प्रचालन होता है। ये 0430 बजे के निकट मत्स्यन तल में पहूँच कर 3 घंटे तक उसी तल में मत्स्यन करते है। उपर्युक्त दिन में सारडीन जालों का प्रचालन टूटिकोरिन बंदरगाह के दक्षिण भाग में 5 फैदम क्षेत्र में 55 एककों द्वारा 3 घंटे तक किया था। उस समय टूटिकोरिन बंदरगाह का तापमान 19°C था।

प्रति एकक औसत पकड 61.5 कि. ग्रा थी। पकड में *सारडिनेल्ला लाबल्ला, एस. गिब्बोसा, थ्रिस्सोक्लिस मिस्टाक* और *तेरापोन जारबुआ* प्राप्त हुई थी।

प्रत्येक तारली के भार के आधार पर उस दिन की तारली पकड 1.3 लाख अनुमानित की जाती है। ये 1.3 लाख तारलियाँ बिना आँखों की थी।

मछली इतनी ताजी थी कि आंखों का नष्ट अवतरण के 2 घंटे पहले हुआ होगा।

मछुआरों की राय में यह नष्ट *तेरापोन जारबुआ* के आक्रमण से हुआ है। कुछ स्वजाति भक्षि मछलियों ने आँखें खायी होगी। लेकिन इसकी पुष्टी नहीं की जा सकती है। पकड में कुछ तारलियों की आँखों का नष्ट तो असाधारण नहीं, लेकिन पकडी गयी सारी मछली बिना आँखों के होना साधारण नहीं है। पकड में 100 से 108 मि मी आयाम की कुछ तेरापोन मछलियाँ थी। इन सारी मछलियों की आँखें खानेवाली परभक्षी मछलियों का स्तोमन उस तल में हुआ था कि नहीं यह निर्धारित करने केलिए कोई उपाय नहीं है।

*** सी एम एफ आर आइ के टूटिकोरिन अनुसंधान केन्द्र के जी. अरुमुगम की रिपोर्ट**

काकिनाडा तट में तिमि सुरा *रिनियोडोन टैपस* की उपस्थिति*

मायापट्टनम में 7-2-1996 को लेखक ने नेमी निरीक्षण के दौरान एक नर तिमि सुरा को देखा और उसे तट पर लाया। यह तिमि सुरा 6-2-96 को मायापट्टनम से 10 कि मी दूर उप्पाडा क्षेत्र में 15 मी गहराई में प्रचालित एक नाइलॉन गिल जाल में संयोग वंश फँसा हुआ था। दो यंत्रीकृत नवासों द्वारा इसे तट पर लाया गया।

इसके आकृतिमान मापन निम्न प्रकार है।

1. कुल लंबाई - 530 से मी
2. मानक लंबाई - 448 से मी
3. सिर की लंबाई - 116 से मी
4. प्रथम पृष्ठीय पख की उर्ध्वाधर ऊँचाई - 80 से मी
5. ऊपरी मार्जिन पर पुच्छ पख की लंबाई - 130 से मी
6. प्रोथ से प्रथम पृष्ठीय तक - 149 से मी
7. बाहरी मार्जिन पर अंस पख की लंबाई - 98 से मी
8. प्रथम पृष्ठ की लंबाई - 90 से मी
9. लिंग - नर जाति
10. भार - 1000 कि. ग्रा

इसके मांस की कोई माँग नहीं थी, इसके पंखों को मछुआरों ने काट लिया। 8-2-96 को इसे समुद्र में ही छोड दिया।

***सी एम एफ आर आइ के काकिनाडा अनुसंधान केन्द्र, काकिनाडा के सी एच.ई. तत्तय्या द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट**

भारत के दक्षिण पश्चिम तट में पकडा गया *रिनियोडोन टाइपस स्मित* के किशोरों पर रिपोर्ट*

भारतीय तटों से तिमि सुरा के अवतरण पर पहले ही कई रिपोर्ट उपलब्ध हैं। वर्तमान रिपोर्ट कन्याकुमारी जिले के मेला मिलाडम से प्राप्त एक तिमि सुरा और तिरुवनन्तपुरम जिले से प्राप्त 2 किशोर तिमि सुराओं पर है।

विषिंजम में 29-1-95 रात को प्रचालित एक गिल जाल में 5.37 मी आयाम का एक नर तिमि सुरा पकडा गया था। अगले दिन 06.00 घंटे तक यह जीवित रहा। 2000/- रु. पर इसका नीलाम किया गया। इसका आकृतिमान मापन नीचे दिया जाता है।

कुल लंबाई	-	537 से मी
मानक लंबाई	-	400 से मी
सिर की लंबाई	-	134 से मी
शरीर का घेर	-	254 से मी
मुँह की चौडाई	-	90 से मी
ऊपरी मार्जिन पर पुच्छ पख की लंबाई	-	137 से मी
प्रोथ से प्रथम पृष्ठीय पख तक	-	233 से मी
प्रोथ से दूसरे पृष्ठीय पख तक	-	339 से मी
प्रोथ से अंसीय पख तक	-	123 से मी
बाहरी मार्जिन पर अंसीय लंबाई	-	95 से मी
प्रथम पृष्ठीय लंबाई	-	42 से मी
दूसरे पृष्ठीय लंबाई	-	14 से मी
प्रथम पृष्ठीय ऊँचाई	-	43 से मी
दूसरे पृष्ठीय ऊँचाई	-	17 से मी
निचली पुच्छ पाली की लंबाई	-	68 से मी
भार	-	4.75 टन

*** सी एम एफ आर आइ के विषिंजम अनुसंधान केन्द्र के एस. कृष्ण पिल्लै और जेकब जेराल्ड जोएल द्वारा तैयार की गयी रिपोर्ट**

GUIDE TO CONTRIBUTORS

The articles intended for publication in the MFIS should be based on actual research findings on long-term or short-term projects of the CMFRI and should be in a language comprehensible to the layman. Elaborate perspectives, material and methods, taxonomy, keys to species and genera, statistical methods and models, elaborate tables, references and such, being only useful to specialists, are to be avoided. Field keys that may be of help to fishermen or industry are acceptable. Self-speaking photographs may be profusely included, but histograms should be carefully selected for easy understanding to the non-technical eye. The write-up should not be in the format of a scientific paper. Unlike in journals, suggestions and advices based on tested research results intended for fishing industry, fishery managers and planners can be given in definitive terms. Whereas only cost benefit ratios and indices worked out based on observed costs and values are acceptable in a journal, the observed costs and values, inspite of their transitionality, are more appropriate for MFIS. Any article intended for MFIS should not exceed 15 pages typed in double space on foolscap paper.

Edited by Dr. K. J. Mathew with assistance from Ms. T. S. Naomi and Mr. P. Kaladharan. Published by Dr. K. J. Mathew on behalf of the Director, Central Marine Fisheries Research Institute, P. B. No. 1603, Tatapuram P. O., Cochin - 682 014, Kerala, India. Printed at Paico Printing Press, Cochin - 682 035.